# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चोरी एवं छिनैती के 03 अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर वाहन चोर एवं छिनैत को गिरफ्तार किया गया तथा कब्जे 02 चोरी की मोटरसाइकिल, छिनैती का मोबाइल व नाजायज चाकू बरामद किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर, विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय एवं प्रभारी एसओजी चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 14/15.07.2026 की रात्रि को थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के विवेकानंद तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा चोरी एवं छिनैती की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार करते हुए उसकी निशानदेही पर 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिलें तथा एक अदद छिनैती का ओप्पो मोबाइल फोन बरामद किया गया।

बरामदगी एवं पूछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि बरामद HF Deluxe मोटरसाइकिल थाना सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 195/2026, धारा 303(2) बीएनएस (रेलवे स्टेशन परिसर से मोटरसाइकिल चोरी), बरामद Apache मोटरसाइकिल मु.अ.सं. 201/2026, धारा 305(ए) बीएनएस (शहर क्षेत्र स्थित थाना रोड से मोटरसाइकिल चोरी) तथा बरामद ओप्पो मोबाइल फोन थाना सिद्धार्थनगर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 206/2026, धारा 304(2) बीएनएस (काका पैलेस के पास मोबाइल छिनैती) से संबंधित पाया गया। अभियुक्त के कब्जे से नाजायज चाकू बरामद होने के आधार पर थाना सिद्धार्थनगर पर मु0अ0सं0 208/2026, धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

इस प्रकार थाना सिद्धार्थनगर पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चोरी एवं छिनैती के 03 अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर वाहन चोर एवं छिनैत को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही उसके अन्य आपराधिक साथियों, आपराधिक इतिहास एवं चोरी/छिनैती की अन्य घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.मो. समीर सिद्दीकी पुत्र निजामुद्दीन सिद्दीकी, उम्र 22 वर्ष, निवासी सहानिया, वार्ड नं. 18, थाना एवं जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल HF Deluxe संख्या UP 55 AB 1834 (लाल/काला रंग)।
2. एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल Apache संख्या UP 41 AV 3623 (नीले रंग की)।
3. एक अदद ओप्पो मोबाइल फोन (छिनैती का)।
4. एक अदद नाजायज चाकू।

**अनावरित/पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 195/2026, धारा 303(2) बीएनएस, थाना सिद्धार्थनगर (रेलवे स्टेशन परिसर से HF Deluxe मोटरसाइकिल चोरी)।
2. मु0अ0सं0 201/2026, धारा 305(ए) बीएनएस, थाना सिद्धार्थनगर (शहर क्षेत्र स्थित थाना रोड से Apache मोटरसाइकिल चोरी)।
3. मु0अ0सं0 206/2026, धारा 304(2) बीएनएस, थाना सिद्धार्थनगर (काका पैलेस के पास मोबाइल छिनैती)।
4. मु0अ0सं0 208/2026, धारा 4/25 आयुध अधिनियम, थाना सिद्धार्थनगर (नाजायज चाकू बरामदगी के संबंध में पंजीकृत अभियोग)।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह चोरी की मोटरसाइकिलों एवं छिनैती किए गए मोबाइल फोनों को अपने पास रखकर कम कीमत पर बेच देता था तथा उससे प्राप्त धनराशि से अपना खर्च चलाता था। बरामद दोनों मोटरसाइकिलें एवं मोबाइल फोन उसी द्वारा चोरी एवं छिनैती की घटनाओं से प्राप्त किए गए थे। उसके अन्य साथियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा उनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 चंद्रकांत पाण्डेय, प्रभारी एसओजी, मय टीम।
3. वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद कुमार राय, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
4. हेड कांस्टेबल राजीव शुक्ला, मनोज राय, मनिंद्र प्रताप चंद, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दुबे, एसओजी टीम, सिद्धार्थनगर।
5. कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, एसओजी टीम, सिद्धार्थनगर।
6. हेड कांस्टेबल संजय चौरसिया एवं कांस्टेबल शुभम रावत, वींरेंद्र कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0 नि0 रामदरश यादव
2. रि0म0आ0 संध्या

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम वेल्टिकर के स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल पब्लिक स्कूल की बालिकाओ को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.07.2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे थानाक्षेत्र के ग्राम वेल्टिकर के स्वामी विवेकानन्द एजुकेशनल पब्लिक स्कूल की बालिकाओं को एकत्रित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरहवा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 15.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहवा की महिलाओं/ बालिकाओं बहु-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 15.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद, 01 पारिवारिक व शेष 04 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना खेसरहा मिशन टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम अकोल्ही में बालिकाओं व महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 15.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी शुबेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के निर्देशन में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम अकोल्ही में महिलाये व बलिकाए उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, साइबर अपराध जागरूकता,नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए। उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन, 108-एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098- चाइल्ड हेल्पलाइन102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पथरा में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 15/07/2026 थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम- पथरा में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 मलखा प्रसाद

02.का0 सुदामा यादव

03.म0का0 नेहा

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम कपिया खालसा में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर  के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्ता की नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत आज दिनांक 15.07.2026 को थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कपिया  खालसा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना चिल्हिया-**

01-उ0नि0 सुधाकर राय

02-का0 पंकज वर्मा

03-म0का0 शालू।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पगार में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के प्रभारी बीरेन्द्र सिंह मौजूदगी में चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 15.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम पगार मे जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**थाना खेसरहा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम -**

1.उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2.म0का0 सीमा गुप्ता थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरा मुर्गीयहवा में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरा मुर्गीयहवा में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम करौंदा खालसा में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम करौंदा खालसा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 धर्मराज
02.हे0का0 राकेश कुमार
03.रि0म0आ0 संध्या

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गायघाट मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गायघाट में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम -**

1.उ0नि0 रामप्रसाद थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
2.हे0का0 नौमीनाथ थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
3.म0का0 प्रिया सिंह थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
4.म0का0 अंशु शुक्ला थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सुकरौली चौराहा मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ किया गया एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 15.07.2026 को थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सुकरौली चौराहा मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

2.हे0का0आत्मानंद नायक

3.का0 विजय

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मंगलपुरवा मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद सिंह प्रभारी थाना भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 15.07.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मंगलपुरवा में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक कुल 08 बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 नेबू लाल

02.का0रवि जायसवाल, राजमणि

03.रि0म0आ0 कालिंदी मौर्या

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम रामनगर की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम थानाक्षेत्र के ग्राम रामनगर की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 अयोध्या यादव

2.म0हे0का0नीलम शुक्ला

03.महिला आरक्षी प्रतिमा दूबे

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नि के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो को सकुशल उनके घर भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में अभय सिंह थानाध्यक्ष जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 15.07.2026 को आवेदिका जानकी पत्नी विजय साकिन महादेवा नानकार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका व उनके पति अजय साकिन महादेवा नानकार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य कुछ कहा-सुनी हुआ था जिससे आपस में मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई दोनो पक्षो (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों एंव बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नि) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है। पति-पत्नि सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सराहना की गयी।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरण**

01.म0का0 पूजा यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.म0का0 सुशीला कुशवाहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 15.07.2026 को मा0 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय बांसी द्वारा जारी गैर जमानतीय वारण्ट वाद संख्या 2106/16 सरकार बनाम पतिराज व वाद संख्या 51/10 सरकार बनाम मंगल से सम्बन्धित 02 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

**गिरफ्तार वारंटियों का विवरणः-**

01.पतिराज पुत्र पुद्दीन साकिन गौरडीह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

02.मंगल यादव पुत्र कातर यादव साकिन लमती थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 राजकुमार, श्याम कन्हैया दूबे थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 तेजप्रकाश थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी चन्द्रेश कुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल/फ्लैग मार्च गश्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा द्वारा थाना प्रभारी डुमरियागंज मय पुलिस टीम के साथ आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गस्त/फ्लैग मार्च किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 15.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।